6 देशबन्धु | नई दिल्ली, गुरुवार, 27 अक्टूबर 2016

कार्यक्रम

गरीबों के घर में रोशनी फैलाने का किया आह्वान

उपहार व पाठ्य पुस्तक पाकर बच्चों के खिले चेहरे

ग्रेटर नोएडा, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। नॉलेज पार्क स्थित जीएनआईओटी कॉलेज ग्रेटर नोएडा में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पर परागत रोशनी कार्यक्रम का आयोजन जीएनआईओटी केयर्स सोशल क्लब के सदस्यों द्वारा किया गया। जीएनआईओ टी समूह के उपाध्यक्ष बी.एल. गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर समूह के सदस्य बजरंग लाल गुप्ता एएम. बी. ए. डायरेक्टर डॉ. सविता मोहन व जीएनआईओटी केयर्स की हेड डॉ. कल्पना सिंह तथा समस्त विभागाध्यक्ष अध्यापक, विद्यार्थी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में समाज के गरीब वर्ग के लोगों को मदद का आह्वान किया तथा सभी अध्यापक, अध्यापिका एवं विद्यार्थियों को इस मुहिम से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में चेयरमैन ने चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों एवम उनके बच्चों को उपहार एवं मिठाइयां वितरित किया। डॉ. रोहित गर्ग ने सोशल केयर्स के हेड डॉ. कल्पना सिंह क्लब कोऑर्डिनेटर प्रखर, प्रभात, कीर्तिक, प्रियांशु तथा सभी सदस्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की और सभी विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक कार्यों को करने की प्रेरणा दी।

स्वदेशी अपनाओ देश बचाओं की थीम पर प्रतियोगिता आयोजित

ग्रेटर नोएडा। आईआईएमटी कालेज बीएड विभाग में स्वदेशी अपनाओ देश बचाओं की थीम पर पेपर लालटेन तथा दीपक सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बीएड के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। आओ इस दीपाली पर्व पर स्वदेशी दीपक जलाएं भारत को स्वच्छ समृद्ध स्वावल बी बनायें। विदेशी कंपनियों का नहीं कुम्हारों का रोजगार बढ़ाए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने 12 वें रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में लोगों से अपील की इस दिवाली पर मिट्टी के दीपक का उपयोग करें जिससे गरीब कुम्हारों के घर में समृद्धि आए।

युवा नोएडा-ग्रेनो | amarujala.com | अमर उजाला | नई दिल्ली | 8

जीएनआईओटी में रोशनी कार्यक्रम

ग्रेटर नोएडा (ब्यूरो)। नॉलेज पार्क स्थित जीएनआईओटी कॉलेज ग्रेटर नोएडा में मंगलवार को हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी परंपरागत रोशनी कार्यक्रम का आयोजन जीएनआईओटी केयर्स सोशल क्लब के सदस्यों द्वारा किया गया। समूह के उपाध्यक्ष बीएल गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने गरीब लोगों की मदद का आह्वान करते हुए स्टॉफ और विद्यार्थियों को इस मुहिम से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में चेयरमैन ने चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों एवं उनके बच्चों को उपहार एवं मिठाइयां वितरित किया। इस अवसर पर समूह के सदस्य बजरंग लाल गुप्ता, एमबी निदेशक डॉ. सविता मोहन, क्लब की हेड डॉ. कल्पना सिंह तथा समस्त विभागाध्यक्ष, शिक्षक, विद्यार्थियों एवं अन्य स्टॉफ उपस्थित रहे।

4 | नोएडा-आसपास | www.noida.nbt.in

उपहार दिए

■ एस, ग्रेनो : ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क स्थित जीएनआईओटी कॉलेज में मंगलवार को रोशनी कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसक मुख्य उद्देश्य गरीब वर्ग के लोगों की मदद करना है। इस अवसर पर चेयरमैन ने कर्मचारियों और उनके बच्चों को उपहार भेंट किए।